भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1309
शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)

रोजगार कार्यालय

1309. श्री हेमन्त पाटिलः
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः
डॉ॰ सुजय विखे पाटीलः
श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिलः
डॉ॰ श्रीकांत एकनाथ शिंदेः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने रोजगार कार्यालय कार्य कर रहे हैं;

(ख) क्या रोजगार कार्यालयों में नौकरी चाहने वालों के पंजीकरण में कमी को नोटिस किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान रोजगार कार्यालयों के माध्यम से वर्ष-वार तथा राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने पंजीकृत बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया; और

(घ) क्या सरकार के पास नौकरी चाहने वाले पंजीकृत व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किए जाने को सुनिश्चित करने के बारे में रोजगार कार्यालयों के कार्य-निष्पादन के दृष्टिगत उनके कार्यकरण की समीक्षा करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ग): राज्यों/संघराज्य-क्षेत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार, देश में कार्यरत रोजगार कार्यालयों की संख्या 997 है। सूचनानुसार, रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत रोजगार चाहने वाले, जिनमें यह आवश्यक नहीं कि सभी बेरोजगार हों, की संख्या 2015, 2016, 2017 तथा 2018 (मई तक) के दौरान क्रमशः 69.4 लाख, 59.6 लाख, 29.5 लाख एवं 14.1 लाख थी। रोजगार कार्यालयों एवं रोजगार कार्यालयों के माध्यम से किए गए नियोजन की संख्या का राज्य/संघक्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(घ): मंत्रालय राष्ट्रीय रोजगार सेवा के रूपांतरण हेतु मिशन मोड परियोजना के रूप में राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है जो रोजगार मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना, जैसी विविध रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान कराती है। ये सेवाएँ राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं और कॉल सेंटर/हेल्पडेस्क द्वारा समर्थित हैं। एनसीएस के तहत एनसीएस पोर्टल, रोजगार कार्यालय (कैरियर केंद्र), कॉमन सर्विस सेंटर आदि जैसे बहु-सुपुर्दगी माध्यमों से उपलब्ध हैं। एनसीएस परियोजना में राज्यों और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) की स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। मंत्रालय प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर इन केंद्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। राज्य अपने स्वयं के संसाधनों से इन आदर्श करियर केंद्रों को दोहरा सकते हैं।

इसके अलावा, एनसीएस परियोजना का एक घटक रोजगार कार्यालयों को एनसीएस के साथ आपस में जोड़ना है जिसके अंतर्गत राज्यों को रोजगार कार्यालय में बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए निधि उपलब्ध कराई जाती है। सरकार राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

अनुबंध

लोक सभा के दिनांक 19.09.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1309 के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

देश में रोजगार कार्यालयों के माध्यम से किए गए नियोजन तथा रोजगार कार्यालयों की संख्या का उपलब्ध सीमा तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	रोजगार कार्यालयों की संख्या	नियोजन (हजार में)			
			2015	**2016**	**2017**	**2018#** (मई तक)
1	आंध्र प्रदेश	17	0.2	0.5	0.2	0.1
2	अरुणाचल प्रदेश	12	0.0	0.0	0.0	0.0
3	असम	52	0.9	0.6	0.8	0.6
4	बिहार	47	1.1	1.9	0.3	0.0
5	छत्तीसगढ़	26	3.2	0.2	0.5	0.5
6	दिल्ली	14	0.2	0.0	0.0	0.0
7	गोवा	1	2.9	1.1	0.0	0.0
8	गुजरात	48	336.7	330.1	395.0	106.2
9	हरियाणा	59	0.3	0.4	0.0	0.1
10	हिमाचल प्रदेश	15	1.1	1.5	0.7	1.2
11	जम्मू और कश्मीर	17	0.1	0.2	1.6	0.0
12	झारखंड	42	2.9	2.5	3.5	0.5
13	कर्नाटक	40	0.8	0.7	0.4	0.1
14	केरल	89	8.2	11.3	8.9	4.4
15	मध्य प्रदेश	49	0.1	0.1	0.0	0.0
16	महाराष्ट्र	47	22.9	37.6	2.9	19.6
17	मणिपुर	11	0.0	0.0	0.5	0.0
18	मेघालय	12	0.1	0.0	0.0	0.1
19	मिजोरम	3	0.0	0.0	0.0	0.0
20	नागालैंड	8	0.0	0.0	0.0	0.0
21	ओडिशा	40	1.3	3.8	3.9	0.1
22	पंजाब	47	1.7	2.6	2.1	0.5
23	राजस्थान	38	0.4	0.1	0.1	0.0
24	सिक्किम *	-	-	-	-	-
25	तमिलनाडु	35	7.7	6.2	1.8	0.7
26	तेलंगाना	14	0.5	0.5	0.1	0.0
27	त्रिपुरा	5	0.4	0.2	0.0	0.0
28	उत्तराखंड	24	0.2	0.3	0.1	0.0
29	उत्तर प्रदेश	99	0.4	1.5	1.0	0.3
30	पश्चिम बंगाल	77	0.5	1.2	0.0	0.0
31	एक और एन द्वीप	1	0.1	0.4	0.0	0.0
32	चंडीगढ़	2	0.1	0.2	0.2	0.1
33	अंडमान एवं नगर हवेली	1	0.0	0.0	0.0	0.0
34	दमन और दीव	2	0.0	0.0	0.0	0.0
35	लक्षद्वीप	1	0.0	0.0	0.0	0.0
36	पुडुचेरी	1	0.1	0.1	0.0	0.0
	योग	997	395.0	405.5	424.6	135.2

टिप्पणीः *इस राज्य में कोई रोजगार कार्यालय कार्य नहीं कर रहा है; #अनंतिम

हो सकता है कि पूर्णांकन के कारण आंकड़े योग से मेल न खाएं

स्रोत: रोजगार सांख्यिकी कार्यालय, रोजगार महानिदेशालय, श्रम एवं रोगार मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों से प्राप्त सूचना के आधार पर संकलित।